वार्तालाप–659, पी.वी. भाग–2 22.10.08
Disc.CD No.659, dated 22.10.08 at PV, Part-2

समय– 1.31–6.06
.....जिज्ञासु– और एक और उसमें बी.के. इन्फो पर ये समाचार सुनने को मिला है कि अमरीका के ब्रह्माकुमारी संस्था ने यू.एस पेटेन्ट ऑफिस में ब्रह्माकुमारी शब्द के लिये जो है ट्रेड़मार्क एप्लिकेशन फाइल किया है।
बाबा– अच्छा। कहां अमेरिका में?
जिज्ञासु– हां जी।
बाबा– ताकि अमेरिका में कोई दूसरा ब्रह्माकुमार–कुमारी अपना संस्था जमाके न बैठ जाये।
जिज्ञासु– नहीं। इस शब्द का कोई प्रयोग ही नहीं कर सकता आगे से अगर उनको ये, उनकी ये मंजूर हो जाती है एप्लिकेशन।
बाबा– हां।

Time: 1.31-6.06
Student: And we have also come to hear of a news through BKInfo that the Brahmakumari Institution of America has filed a trademark application for the word 'Brahmakumari' in the US Patent Office.
Baba: I see. Where in America?
Student: Yes.
Baba: So that no other Brahmakumar-kumari can establish his/her institution in America.
Student: No. If their application is accepted then nobody can use this word at all in the future.
Baba: Yes.

जिज्ञासु– तो आगे से कोई यूज़ नहीं कर पायेगा। तो जो पेटेन्ट कार्यालय वाले हैं उन्होंने पूछा है कि, आपको ये अधिकार किसने दिया? तो उन्होंने अपने ब्रह्माकुमारी संस्था के जो लेटरहैड़ है, उनसे जो है उन्होंने एक लिखवा लिया कि आपको जो है ये ब्रह्माकुमारी संस्था ब्रह्माकुमारी वर्ड का ट्रेड़मार्क लेने के लिये हम आथोराइज़ (प्राधिकृत) करते हैं। तो अगर अब ये एप्लिकेशन उनकी मंजूर हो जाती है तो फिर उनका ये कहना है कि अमरीका में उन्होंने एक अलग संस्था बनाई है। 'ब्रह्माकुमारी वर्ल्ड स्प्रीचुअल आर्गनाइजेशन' इस तरह से नाम है उसका। तो उनको वहां पर ये अधिकार होगा कि वो ब्रह्माकुमारी वर्ड का यूज़ करें और बाकी विश्व में जो है ब्रह्माकुमारी संस्था को ये अधिकार होगा। तो उनकी परमिशन के बिना कोई ये वर्ड ही यूज़ नहीं कर पायेगा, ब्रह्माकुमारी वर्ड।
बाबा– सारे विश्व में?
जिज्ञासु– हां जी।
Student: So, nobody will be able to use it in future. So, the people of the Patent Office have asked them, who gave you this authority? So, they made them write on the letterhead of the Brahmakumari Institution: this Brahmakumari Institution authorizes you to receive the trademark of the word 'Brahmakumari'. So, now if this application of theirs is granted approval then; they say that they have established a separate institution in America. Its name is somewhat like Brahmakumari World Spiritual Organization. So, there they will have the right to use the word 'Brahmakumari' and in the rest of the world the Brahmakumari Institution will have this right. So, without their permission nobody will be able to use the word 'Brahmakumari' at all.
Baba: In the entire world?
Student: Yes.

Email id: a1spiritual1@gmail.com
Website: www.pbks.info

बाबा– वाह। ब्रह्मा कहां है? ब्रह्मा कहां है जो ब्रह्माकुमारी कह रहे हो?
जिज्ञासु– हं।
बाबा– हं।
जिज्ञासु– तो ये मतलब इसको.....
बाबा– ये बात ही साबित नहीं होती है। ब्रह्माकुमारी तो तब कहा जाये जब ब्रह्मा मौजूद हो। उन ब्राह्मणों से पूछो कि तुम अपने को ब्रह्माकुमार–कुमारी कहते हो तो तुम्हारा ब्रह्मा कहां है? ब्रह्मा तो साबित करो। वो कहां काम कर रहा है? परमधामवासी हो गया क्या? कि कहीं जनम ले लिया? अरे ब्रह्मा ने तो ढ़ेर सारा ज्ञान उसके मुख से सुनाया गया ना। तो वो आत्मा अभी इस सृष्टि पे मौजूद होगी कि नहीं मौजूद होगी?
जिज्ञासु– मौजूद होगी।
Baba: Wah! Where is Brahma? Where is Brahma that you are saying 'Brahmakumari'?
Student: Hum.
Baba: Hum?
Student: So, it means.....
Baba: This point is not proved at all. They can be called 'Brahmakumari' when Brahma is present. (It is said in the *murli*) "Ask those Brahmins, when you call yourself Brahmakumar-kumaris; where is your Brahma?" First of all prove (the presence of) Brahma. Where is he working? Has he become the dweller of the Supreme Abode? Or has he taken birth somewhere? Arey, a lot of knowledge was narrated through the mouth of Brahma, wasn't it? So, will that soul be present in this world or not?
Student: He will be present.

बाबा– फिर? साबित करो। अमेरिका वालों को तो बेवकूफ बनाना बड़ा सहज है। वो तो कुछ भी नहीं जानते बिचारे।
जिज्ञासु– तो क्या उनको हम चैलेंज कर सकते हैं चिट्ठी लिख करके कि ये ब्रह्माकुमारी वर्ड का पेटेन्ट न दिया जाये।
बाबा– बिल्कुल। बिल्कुल झूठा साबित हो जायेगा। पेटेन्ट देनेवाले साबित हो जायेंगे। भारत में भी तो लिया था नीम के वृक्ष का अमेरिका ने। फिर क्या हुआ?
Baba: Then? Prove it. It is very easy to fool the Americans. Those poor fellows do not know anything.
Student: So, can we challenge them by writing a letter (to the Patent's Office) that they should not be given the patent of the word Brahmakumari?
Baba: Definitely. It will be proved completely false. Those who grant the patent will be proved (false). America had also taken the patent for the 'Neem' *(Melia azadirachta)* tree in India. Then what happened?

जिज्ञासु– बासमती का भी इसी तरह से लिया।
बाबा– बासमती चावल का भी लिया। फिर क्या हुआ?
जिज्ञासु– लेकिन अभी प्रोडक्शन तो कर ही रहे हैं अभी भी इंडिया वाले।
बाबा– नहीं, नहीं। जो नीम का पेटेन्ट लिया था वो वापिस करना पड़ा कि नहीं करना पड़ा?
जिज्ञासु– हां जी।
बाबा– फिर ये भी ऐसे ही वापस हो जायेगा। झूठा तो झूठा ही है। झूठा कब तलक..... झूठ के पांव नहीं होते है। कब तक टिकेगा?
जिज्ञासु– हां जी।
बाबा– ज्यादा चाणापना दिखा रही हैं ब्रह्माकुमारियाँ। पेटेन्ट करा लेंगे ब्रह्माकुमारी नाम का।

Email id: a1spiritual1@gmail.com
Website: www.pbks.info

Student: They took (the patent) for Basmati (rice) in a similar fashion.
Baba: They took (the patent) for Basmati (rice) too. Then what happened?
Student: But Indians are still producing it (Basmati rice).
Baba: No, no. Did they have to return the patent of Neem which they had taken or not?
Student: Yes.
Baba: Then, similarly this one also will be returned. False is anyway false. False (will last) till when... Falsehood does not have feet (i.e. base). How long will it stand?
Student: Yes.
Baba: Brahmakumaris are trying to be oversmart. They want to take the patent for the name 'Brahmakumari'.

जिज्ञासु– ऐसे ही जो है उन्होने उदाहरण दिया है वो साईट वालों ने कि अमरीका में कोई हठयोग का गुरू है। उसने जो है, वो जिस प्रकार का योग सिखाता है उसने योग के लिये पेटेन्ट फाईल कर दिया। और फिर उसको मिल गया पेटेन्ट। लेकिन बाकी जो दुनिया की योग की संस्थायें हैं उन्होंने कहा ये तो हजारों सालों से योग हम करते आ रहे हैं तो सिर्फ तुमने ही जो योग सिखाया वो ही योग कैसे हो सकता है? तो फिर उनकी अर्जी जो है नामंजूर हो गई।
बाबा– फिर? ये तो सब चलता रहता है। पेटेन्ट बनायेंगे, पेटेन्ट स्वीकृत करेंगे, फिर खारिज करेंगे। इन बातों से डरना थोड़े ही है।
Student: Similarly, they, i.e. the people from the site have given an example that there is a *hathyoga* (rigid physical exercises) *guru* in America. He has filed a patent for the type of *yoga* that he teaches. And then he received the patent. But the remaining institutions of *yoga* in the world said: we have been doing this *yoga* since thousands of years. So, how can only the form of the *yoga* taught by you can be *yoga*? So, his application was rejected.
Baba: Then? All this goes on. They will make patents, they (Patent's office) will grant patents; and then they will reject them. We should not at all fear such things.

जिज्ञासु– और उससे उनकी ब्रह्माकुमारी संस्था का झूठ भी साबित होता है कि.....
बाबा– हां।
जिज्ञासु– एक तरफ से वो कहते हैं ये यूनिवर्सल नॉलेज है.....
बाबा– हां, फिर अपना पेटेन्ट करा रहे हैं।
जिज्ञासु– .....और दूसरी तरफ पेटेन्ट करा रहे हैं।
बाबा– ये क्या है?
जिज्ञासु– हां। किसी धरम का आज तक पेटेन्ट थोड़े ही हुआ कि बौद्ध धरम जो है इसी देश का है या इस्लाम धरम इसी देश का है। सारी दुनिया में हर धरम के लोग होते है।
बाबा– फिर?
जिज्ञासु– वो कर तो रहे हैं लेकिन खिल्ली अपनी ही उड़ा रहे हैं।
Student: And it also proves the lie of their Brahmakumari institution that...
Baba: Yes.
Student: On one hand they say, this is a universal knowledge……
Baba: Yes, and then they are applying for a patent.
Student: ……and on the other side they are applying for a patent.
Baba: What is this?
Student: Yes. Till date no religion has received a patent (saying) Buddhism belongs only to this country or Islam belongs only to this country. There are people of all the religions in the entire world.
Baba: Then?

Email id: a1spiritual1@gmail.com
Website: www.pbks.info

Student: They are surely trying (to receive the patent), but are making a fool of themselves.

समय– 6.08–9.05
जिज्ञासु– और एक और प्रश्न ये है कि एड़वांस के जो ज्यादातर बच्चे हैं उनके पास शास्त्रों का, धर्मग्रंथों का इतना ज्ञान नहीं है जो कि शास्त्रकारों.....
बाबा– इतना ज्ञान रखने की जरूरत क्या है जब बाबा ने कहा – शास्त्रों में भूसा भरा पड़ा है? सच्चाई तो मैं सुनाता हूँ शास्त्रों में क्या है। तो शास्त्रों में जो सार है वो तो बाबा सुना रहा है।
जिज्ञासु– हांजी।
बाबा– तो बाबा ने जो सार सुनाया है उतना ही शास्त्रों में से बातें उठाना अच्छा है या सारा ही शास्त्रों का ज्ञान अच्छा है।
जिज्ञासु– सार–सार लेना अच्छा है।
बाबा– सार–सार लेना अच्छा है। भूसे का क्या करेंगे? जानवरों को खिला दो।
Time: 6.08-9.05
Student: Another question is that most of the children (students) in advance (party) do not have so much knowledge of the scriptures, the religious texts that (they could convince) the writers of scriptures.
Baba: What is the need to have so much knowledge, when Baba has said: the scriptures are filled with straw? It is Me who narrates the truth in the scriptures. So, Baba is narrating the essence of the scriptures.
Student: Yes.
Baba: So, is it better to pick up only those topics of scriptures related to the essence narrated through Baba or is the entire knowledge of the scriptures good?
Student: It is better to pick up the essence.
Baba: It is better to pick up the essence. What will we do with the husk? Give it (the husk) to the animals to eat.

जिज्ञासु– लेकिन अंत में बाबा ने ये भी कहा है कि जब तक दुनिया वालों को प्रूफ प्रमाण ना मिले तब तक वो मानेंगे नहीं।
बाबा– हां तो?
जिज्ञासु– तो शास्त्रकारों से या धर्मगुरूओं से अगर हमको ये....
बाबा– माना, ये शास्त्र लिखे हुये किसके हैं? भगवान के लिखे, देवताओं के लिखे या मनुष्यों के लिखे हुए हैं?
जिज्ञासु– मनुष्यों के लिखे हुए हैं।
बाबा– तो मनुष्यों के लिखे हुये शास्त्रों को प्रूफ मानना ये होशियारी है जो शास्त्र एक दूसरे का काट कर रहे हैं? एक मनुष्य की बात को प्रूफ मानेंगे या हजारों मनुष्यों की बात जो आपस में टकरा रही हैं उन सबको प्रूफ मानेंगे?
जिज्ञासु– एक की बात।
बाबा– तो फिर?
Student: But Baba has also said, in the end until the people of the world receive the proofs they will not accept.
Baba: Yes, so what?
Student: So, the writers of the scriptures or the religious *gurus*…
Baba: Meaning, who has written these scriptures? Have they been written by God, by the deities or by the human beings?
Student: They have been written by the human beings.

Email id: a1spiritual1@gmail.com
Website: www.pbks.info

Baba: So, is it cleverness to consider the scriptures written by the human beings as proofs, the scriptures which cross each other (in their explanations)? Will you consider the version of one human being as proof or will you consider all the versions of thousands of human beings which are clashing with each other as proofs?
Student: The version of one.
Baba: So, then?

जिज्ञासु– पूछने का अर्थ ये है कि जो बाबा ने शास्त्रों में या शास्त्रों की बातें बताई है क्या उसी के आधार पर हम उनको कन्विन्स कर पायेंगे अंत में?
बाबा– उन्हीं को कन्विन्स करें या तो जो एड़वांस पार्टी में जो क्लेरिफिकेशन दिया जा रहा है और शास्त्रों की बातें क्लीयर की जा रही हैं उनको उठाना है बस।
जिज्ञासु– लेकिन क्या वो इसी से कन्विन्स हो जायेंगे, जो शास्त्रकार या धर्म गुरू हैं?
बाबा– सारी दुनिया को कन्विन्स करने का क्या ठेका लिया हुआ है? हैं? सारी दुनिया जो ब्रह्मा के मुख से सुनाये हुये शिव के वर्शन्स हैं उनको माने ही माने इस बात का ठेका लिया हुआ है क्या?
जिज्ञासु– सारे तो नहीं मानेंगे।
बाबा– फिर? जो विधर्मी होंगे वो आधी बात मानेंगे आधी बातें नहीं मानेंगे। पक्के सूर्यवंशी होंगे वो मुरली की हर बात मानेंगे।
Student: I mean to ask, will we be able to convince (the various *gurus*) in the end on the basis of the topics of the scriptures mentioned by Baba?
Baba: Convince (them) with the help of only those points or you should raise the (points of) clarification being given in the advance party and the points of the scriptures which are being clarified. That is all.
Student: But will the writers of the scriptures or the religious *gurus* be convinced only with this?
Baba: Have we taken up the contract to convince the entire world? Hum? Have we taken up the contract to make the entire world believe the versions of Shiv narrated through the mouth of Brahma?
Student: Everyone will not believe.
Baba: Then? Those who are *vidharmis* (those who have inculcations opposie to that said by the Father) will accept half of the versions and reject the remaining half. Those who are real *Suryavanshis* (of the Sun dynasty) will accept every version of the *Murli*.

जिज्ञासु– लेकिन ये भी कहा गया है कि सारे धरमपिता जो है सलामी देने जरूर आयेंगे।
बाबा– सलामी दो। सलामी देने से क्या होता है? जब थक गये, सारे जिज्ञासु टूट गये, जब कोई बचा ही नहीं, तो नाक लटकायेंगे। और क्या करेंगे? धर्मगुरूओं के जब सारे जिज्ञासु टूट जायेंगे तो क्या करेंगे? अपने आप नाक लटका के आ जायेंगे। वो तो मजबूरी की बात हो गई ना।
जिज्ञासु– हां जी।
Student: But it has also been said that all the religious fathers will certainly come to salute (the Father).
Baba: Give salute. What is the big deal in saluting? When they became tired, when all their followers parted away; when nobody is left (with them), then they will certainly hang their heads (in defeat). What else will they do? When all the followers of the religious *gurus* will part away, what will they do? They will automatically hang their heads (in defeat) and come. That became an issue of compulsion, didn't it?
Student: Yes.

Email id: a1spiritual1@gmail.com
Website: www.pbks.info

समय– 9.07–11.28
जिज्ञासु– और एक और लौकिक दुनिया की दृष्टि से एक प्रश्न है कि मुसलमानों में भी बुर्खा प्रथा है और हिन्दुओं में भी पर्दा प्रथा है। तो.....
बाबा– हिन्दुओं में तो सिर्फ मुंह ढ़ांकते हैं, चेहरे को ही ढांकते हैं। वो तो ऊपर से लेके नीचे तक, ऐडी से लेके चोटी तक सारा ही कवर कर देते हैं।
जिज्ञासु– तो इसकी शूटिंग कैसे होती है यहां?
Time: 9.07-11.28
Student: And there is another question from the point of view of the *lokik* world that *Burkha* (veil) system is prevalent among the Muslims similarly, the *Purdah* (veil) system is prevalent among the Hindus. So…
Baba: In the Hindus, they cover just their head, just their face. But, they (i.e. Muslims) cover (the body) entirely from the top to bottom, from the heels to the head.
Student: How does its shooting take place here?

बाबा– वो महाकाली संप्रदाय नहीं निकलना है? देखा नहीं महाकाली को? हैं? नहीं देखा?
जिज्ञासु– महाकाली को?
बाबा– हां। काली के जो कपड़े–वपड़े होते है वो काले होते हैं, चेहरा काला होता है, शरीर काला होता है या गोरा होता है?
जिज्ञासु– सारा शरीर काला होता है।
बाबा– काला, कालिमा से ढ़का हुआ है।
Baba: Will that *Mahakali* community not emerge? Have you not seen *Mahakali*? Hum? Haven't you?
Student: *Mahakali*?
Baba: Yes. Are *Kali*'s clothes dark, is her face dark, body dark or fair?
Student: The entire body is dark.
Baba: It is dark, covered with blackness.

जिज्ञासु– लेकिन हिन्दुओं में मतलब ये प्रथा कैसे आ गई? जो इस्लाम धरम की शूटिंग होती है और.....
बाबा– आज तो हिन्दुओं की बात ही छोड़ो। वो तो हिन्दु सारे ही विदेशी हो गये। सारी दिल्ली ही विदेशी हो गई। विदेशियों को फॉलो करने वाली हो गई। अपने स्वरूप को भूल गये तो दूसरों का रूप अपना लिया। संस्कृति, शिक्षा सब कुछ तो अपना लिया। जब देहभान बढ़ता है, अपने देहभान को कंट्रोल नहीं कर पाते हैं, अपनी आँखों को कंट्रोल नहीं कर पाते है, तब फिर ऐसे ये जो झूठे–झूठे साधन हैं वो अपनाये जाते हैं। घूंघट मारना। अरे आँखों का घूंघट सबसे बढ़िया है। कोई जरूरी है कि दूसरा हमको देख रहा है वो हमको देखें ही देखें?
जिज्ञासु– आँखें फेर सकते हैं।
बाबा– आँखें भी तो घूंघट है। ये तो जैसे–जैसे विदेशियों का संग रंग बढ़ता गया वैसे–वैसे भारतीयों में देहभान बढ़ता गया और देहभान बढ़ने के कारण फिर उन्होंने ये झूठे साधन अपनाना शुरू कर दिया।
Student: But I mean to ask, how did this practice begin among the Hindus? The shooting of Islam religion that takes place….
Baba: Leave the topic of Hindus of today. All those Hindus have become foreigners. The (people of) entire Delhi have become a foreigners; it follows the foreigners. When they (Hindus) forgot their form, they adopted others' form. They have indeed adopted (foreign) culture, education, and everything. When the body consciousness increases, when they are unable to control their body consciousness, when they are unable to control their eyes, then

Email id: a1spiritual1@gmail.com
Website: www.pbks.info

such false means (like veils) are adopted. Covering (the face) with *ghoonghat* (the end panel of the *saree* used by some women to cover the head) Arey, the *ghoonghat* of eyes is the best. Is it necessary that when someone sees us, we should see him?
Student: We can turn our eyes away.
Baba: Eyes are also a kind of *ghoonghat*. As and when the influence of the company of the foreigners went on increasing, body consciousness increased among the Indians and because of the increase in the body-consciousness they started adopting this false means.

समय– 11.30–18.26
जिज्ञासु– और एक और प्रश्न जो है लौकिक दुनिया में जो आश्रमों में रहते हैं उनके लिये तो ठीक है लेकिन जो लौकिक दुनिया में नौकरी करते हैं, पी.बी.केज़ या बीकेज़ जो भी हैं। तो उनके सामने खानपान की समस्या आती है। तो बाकी सब विषयों में तो मतलब वो कन्विन्स कर पाते हैं लेकिन खान–पान के विषय में जो है सारी दलीलें देने के बावजूद भी जो है लौकिक दुनिया वाले ये प्रश्न करने लगते हैं कि क्या हम शूद्र हैं? हमको इतना पतित क्यों मानते हो कि हमारे हाथ का आप नहीं खा सकते हो। हम आपको जो है शुद्ध, स्नान करके, पवित्र, भगवान की याद में हम आपको बना के खिलायेंगे। आप हमारा खाना क्यों नहीं खाते हो?
बाबा– हां, तो?
Time: 11.30-18.26
Student: And another question is, it is easy for those who live in the *ashrams* in the *lokik* world, but the PBKs or BKs who work in the *lokik* world face the problem regarding food. So, in all the other matters they are able to convince (the friends and relatives) but in case of food, in spite of giving all the reasons, the people of the world start asking: are we *shudras*? Why do you consider us to be so sinful *(patit)* that you cannot eat food cooked by us? We will cook for you in a pure state, after taking bath, in the remembrance of God. Why don't you eat food cooked by us?
Baba: Yes, so?

जिज्ञासु– तो वो ये मानने को तैयार नहीं हैं कि हम शूद्र किस आधार पर हो गये?
बाबा– शूद्र किस आधार पर हो गये? शूद्रों का संग करते हैं। सारी दुनिया इस समय शूद्र बन पड़ी है। तुलसीदास ने अभी की बात छोड़ो, 500 साल पहले ही लिख दिया – भये वर्ण संकर सबै, सारे ही वर्णसंकर हो गये। सब शूद्र हो गये। अब तो 500 साल के बाद कितना शूद्रपना फैल गया है। संगदोष अन्नदोष कोई चीज नहीं होती है क्या?
Student: So, they are not ready to accept this, (they ask), on what basis are we *shudras*?
Baba: On what basis are we *shudras*? They keep the company of *shudras*. In the present time, the entire world has become *shudra*. Leave aside today's issue, Tulsidas had already written it 500 years ago: '*bhaye varna sankar sabai'*. Everyone has become *varnasankar* (of hybrid/mixed class). Everyone has become a *shudra*. *Shudra* character has now spread so much after 500 years. Isn't there anything like influence of company and influence of food?

जिज्ञासु– वो ये भी पूछते हैं कि जब आप इतना ऊँचा ज्ञान लेते हो तो क्या कोई आपको अगर प्यार से भोजन देता है तो क्या आप उसको पवित्र नहीं बना सकते हो दृष्टि दे करके?
बाबा– ये हर आत्मा की अपनी पावर की बात है। सब आत्मायें एक जैसी पावरफुल नहीं हैं। कन्याओं माताओं को तो और ही ज्यादा संग का रंग लगता है। और ही भोजन का ज्यादा असर करता है। वो तो अबला हैं। उनका तन भी अबला है। मन भी अबला है। दृष्टि भी अबला है। जब तक संपन्न स्टेज में पुरूषार्थ की न पहुँचे, तब तक ऐसे ही चलना पड़ेगा। अपनी सुरक्षा अपने आप करनी पड़ेगी। जितना कायदा करेंगे उतना फायदा होगा। फिर तो

Email id: a1spiritual1@gmail.com
Website: www.pbks.info

संगदोष को भी लपेट लो। किसी का भी संग करो इंद्रियों से। कोई असर पड़ता है? बाबा को याद करो। हो जायेगा? चल जायेगा?
जिज्ञासु– पतित आत्माओं का संग का रंग तो लगेगा ही।
Student: They also ask, when you are taking such a high knowledge, and when someone offers you food with love, can't you make it pure by giving *drishti* (vision)?
Baba: This depends on each soul's individual power. All the souls are not equally powerful. Virgins and mothers are influenced by the company even more. And the (influence of) food has more effect on them. They are indeed weak *(abala)*. Their body is weak and their mind is weak as well. Their vision is weak too. Until you reach the complete stage of the special effort for the soul, you will have to follow like this. You will have to defend yourself. The more you follow the rules, the more benefits you will reap. (If you feel you are very powerful) You can also try the influence of company. Be in the company of anyone through the bodily organs. Does it affect you? Remember Baba (while being in such bad company). Will it do? Will it be alright?
Student: The company of the sinful souls will certainly have an influence.

बाबा– तो पतित आत्माओं का भोजन खायेंगे तो भोजन असर नहीं करेगा? उनका वायब्रेशन नहीं होता? उनकी दृष्टि नहीं होती है, पतित? अब कोई हार्ड एंड फास्ट रूल थोड़े ही है। जो कर सकें सो करें। जितना कायदा करेंगे उतना फायदा होगा। नहीं करेंगे अपने लिये करेंगे। करेंगे तो अपने लिये करेंगे। बाबा तो किसी के ऊपर कोई कम्पल्शन करता ही नहीं है। न कि किसी को सूली पे टांग दिया है। तुम जितना कर सको उतना करो। करोगे अपने लिये करोगे नहीं करोगे तो शिवबाबा के लिये कर दोगे क्या? करके देख लो। जब अच्छी तरह गड्ढे में चले जाओ तब फिर मान लेना।
Baba: So, if you eat food cooked by the sinful souls, will the food not have any effect? Isn't their vibration, their vision impure? Well, it is not a hard and fast rule. Whoever can follow (the rule) should follow it. The more you follow the rules, the more benefits it will bring. If you do not follow it, you will not do it for yourself. If you follow it, you will do it for yourself. Baba does not at all compel anyone. He has never hanged anyone either (for not following the rules). Follow as much as possible. If you follow, you will reap the benefits; if you do not follow, will Shivbaba benefit from it? You can try and see. When you fall in the pit completely you can accept (the benefit of following the rules).

बाबा– अरे एड़वांस पार्टी में बताया गया आँखें मिलाना गलत काम है। आँखे भी इंद्रियां हैं। इंद्रियों का व्यभिचार अच्छा नहीं होता। ब्रह्माकुमारियों ने नहीं माना। सख्त आपोजिशन किया। अब वो ही बड़ी बड़ी ब्रह्माकुमारियाँ खुद नहीं बैठती है याद में। असिसटैंट बहनों को बैठाने लगीं। क्यों ऐसा करना उन्होंने शुरू कर दिया? उन्होंने जान लिया कि हमारी दृष्टि वृत्ति पतित होती जा रही है। तीव्रता से हम नीचे गिर रहे हैं। तो प्रैक्टिकल करके देख लो। जब अच्छी तरह गड्ढे में चले जाओ तो चोटी पकड़ के उठा लेगा। अभी गिरने का टाइम है या उठने का टाइम है?
जिज्ञासु– अभी तो उठने का टाइम है।
बाबा– फिर? उठने के टाइम पे तुम्हारी बुद्धि ऐसी चल रही है कि हम गड्ढे में जायें तो अच्छा है। जाओ गड्ढे में।
Baba: Arey, it has been said in the advance party: it is wrong to exchange glance. Eyes are organs too. The adultery of organs is not good. The Brahmakumaris did not accept this. They opposed strongly. Now the same senior Brahmakumaris do not sit in meditation (to give *drishti* in a class) themselves. They started making the assistant sisters to sit (to give *drishti* in a class). Why did they start doing so? They realized: our vision and vibrations are going on

Email id: a1spiritual1@gmail.com
Website: www.pbks.info

becoming impure. We are falling down at a fast rate. So, you can do it practically and see. When you fall into the pit completely then, He will lift you with your *choti* (top-knot). Is it a time now to fall or to rise?
Student: It is the time to rise now.
Baba: Then? At the time of rising, your intellect is thinking: it will be better if we fall in the pit. Fall into the pit (if you want).

जिज्ञासु– और उस चर्चा में मतलब ऐसे भी उदाहरण आते हैं कि कई बी.के., पी.बी.के हैं जो मतलब अपने बुजुर्ग माता–पिता के हाथ का भी खाना छोड देते है कि .....
बाबा– जो बुजुर्ग हो जाते हैं उनकी बुद्धि उनकी मेंटलिटी और ज्यादा विकारी हो जाती है कि निर्विकारी बन जाती है? जो वायब्रेशन हैं उनके मेन्टलिटी के वो सारी जीवन के जो विकार के वायब्रेशन हैं वो वृद्ध अवस्था में बढ़ जाते हैं या कम हो जाते हैं?
जिज्ञासु– बढ़ जाते हैं।
बाबा– तो फिर? उसका असर क्या होगा? अब चाहे माता हो, चाहे बहन हो या कोई भी हो। अगर ज्ञान में चल रहा है तो फिर भी अपने को कंट्रोल करने की कोशिश करेगा। ज्ञान में नहीं चल रहा है तो खुला हुआ रास्ता है नीचे गिरने का। वो कंट्रोल करना जानता ही नहीं है।
Student: Moreover, in that discussion many such examples are quoted like many BKs, PBKs stop eating the food cooked by their aged parents so that…….
Baba: Does the intellect and mentality of those who become old become more vicious or viceless? Do the vibrations of their mentality, the vibrations of the vices of their entire life increase in the old age or do they reduce?
Student: They increase.
Baba: Then? What will be its effect? Be it a mother, a sister or anyone. If he is following the path of knowledge, there are chances he will try to control himself. If he is not following the path of knowledge, the path to downfall is open to him. He does not know how to control himself at all.

जिज्ञासु– नहीं समझो कोई बुजुर्ग माता है विधवा है,.....
बाबा– बुजुर्ग है तो क्या मन के अंदर विकारी संकल्प नहीं आते हैं? इन्द्रियां ही तो निस्तेज हो गई हैं। मन तो निस्तेज नहीं हो गया। दृष्टि तो कंट्रोल नहीं हो गई।
जिज्ञासु– अब उनका ये पूछना है, कि समझो कोई अस्सी साल की बुजुर्ग माता है, वो कई सालों से पवित्रता का पालन कर रही है स्थूल इन्द्रियों से।
बाबा– ठीक है।
Student: No, suppose there is an elderly mother, who is a widow……...
Baba: Even if she is elderly, don't vicious thoughts emerge in her mind? Only the organs have become spiritless, but the mind has indeed not become weak. Their vision is certainly not under their control.
Student: Well, their question is, suppose there is an eighty years old elderly mother and she is practicing celibacy through her physical organs for many years.
Baba: OK.

जिज्ञासु– लेकिन कोई बी.के या पी.बी.के. हो सकता है वैसे तो मतलब नाम के लिये बी.के., पी.बी.के. लेकिन उसके मन के संकल्प खराब हो सकते हैं। तो अब...
बाबा– कंट्रोल कौन करेगा दोनों में से?
जिज्ञासु– कंट्रोल तो ये.....

Email id: a1spiritual1@gmail.com
Website: www.pbks.info

बाबा– जिसमें ज्ञान होगा वो ही कंट्रोल करेगा कि जो बिल्कुल अज्ञानी है, जानता ही नहीं है कुछ, वो कंट्रोल करेगा? मन को कंट्रोल करना ये सबके बस की बात है या सिर्फ पी.बी.के. और बी.के. के बस की बात है?
जिज्ञासु– बी.के., पी.बी.के. की।
बाबा– फिर? मन ही तो मुख्य इंद्रिय है। मन को कंट्रोल कर लिया तो सारी इंन्द्रियां कंट्रोल हो जाती है। मन कंट्रोल नहीं तो सारी इंद्रियां कंट्रोल से बाहर है समझो। अगला जन्म लिया और जैसे ही बड़े होंगे फिर इंद्रियां अपनी स्थिति को पकड़ लेंगी। बच्चा रहेंगी तब तक मर्ज रहेगा। संस्कार तो रहेंगे ना। वायब्रेशन तो रहेंगे ना।
Student: But there could be a BK or PBK who may otherwise be a BK or PBK for namesake. But the thoughts of his mind can be bad. So, now...
Baba: Between both of them (i.e. between the one who doesn't follow knowledge and a BK/ a PBK) who will control (his mind)?
Student: As regards to controlling...
Baba: Will the one who has knowledge control (his mind) or will the one who is completely ignorant, the one who doesn't know anything at all control (his mind)? Is it possible for everyone to control his mind or is it possible only for the PBKs and BKs?
Student: For the BKs and PBKs.
Baba: Then? The mind alone is the main organ. If you have controlled the mind, all the other organs come under control. If you don't have control over the mind, then consider that all your organs are out of control. If he takes the next birth and as soon as he grows up, his organs will regain the same state (of going out of control). They will remain merged (i.e. subdued) as long as he is a child. But the *sanskars* will remain, won't they? The vibrations will remain, won't they?

समय– 18.27–20.35
जिज्ञासु– इसी तरह की एक समस्या कुमारों के सामने आती है शादी की। तो जो ज्ञान में चलने वाले कुमार हैं वो तो हर तरह से कन्विस करने की कोशिश करते हैं अपने लौकिक साथियों को कि किस आधार पर हमने ये पवित्र जीवन अपनाया है। लेकिन वो लौकिक वाले जो है अपनी हर तरह से दलील देते रहते हैं कि जब तक तुमने गृहस्थ जीवन के दुख–सुख का अनुभव नहीं किया है तो तब तक हम कैसे मान लें कि तुमने विकारों पर जीत पा ली है? बाबा– हम कहां कह रहे हैं कि हमने विकारों पर जीत पा ली है? हम तो पुरूषार्थी हैं। ये तो कहना गलत हो गया कि हमने जीत पा ली। उल्टा ज्ञान क्यों उठाना? हम तो विकारों पर जीत पाने के पुरूषार्थी हैं। हम कहां कह रहे हैं हम देवता बन गये।
Time: 18.27-20.35
Student: A similar problem is faced by the *Kumars* (unmarried BKs/PBKs); that of marriage. The *Kumars* who follow the knowledge try to convince their *lokik* friends in every manner about the reasons why they have adopted the pure life. But those *lokik* people keep giving different pleas (like) up until you have experienced the sorrows and joys of the married life, how can we accept that you have gained victory over vices?
Baba: We are not saying that we have gained victory over vices? We are makers of special effort for the soul *(purusharthi)*. It is wrong to say that we have gained victory (over vices). Why should we grasp the knowledge in an opposite way? We are making special effort for the soul to gain victory over vices. We are not saying that we have become deities?

जिज्ञासु– वो कहते हैं अभी तुमने शादी ही नहीं की। तुम तो सन्यासी की तरह हो।
बाबा– शादी तो नहीं की है। लेकिन जब हम आँख से देखते हैं तो हमें पता तो चलता है कि हमारे अंदर कितना पतितपना है? दृष्टि हमारी पतित है कि पावन है?

Email id: a1spiritual1@gmail.com
Website: www.pbks.info

जिज्ञासु– हां जी।
बाबा– दृष्टि हमारी जो है वो हमको व्यभिचार की तरफ खींच रही है या अव्यभिचारी बना दिया है? मालूम नहीं पड़ता अंदर से?
जिज्ञासु– वो तो पता चलता है।
Student: They say that you are not yet married. You are like *sanyasis*.
Baba: We are not married, but when we see through the eyes, we do come to know, how much sinfulness is in us. Is our vision sinful or pure?
Student: Yes.
Baba: Is our vision pulling us towards adultery or have we made it pure? Don't we come to know from inside?
Student: We do come to know.

बाबा– फिर? इसके लिये हमें शादी करने की क्या जरूरत है? बिना शादी किये हम अपने परिवार के अंदर जो बहनें हैं, भांजियां हैं, उनके साथ रह करके हम अपने को चेक नहीं कर सकते? अंदर से नहीं आता? समझते नहीं हैं कि हम विकारी हैं कि निर्विकारी हैं?
जिज्ञासु– वो तो हरेक को पता चल जाता है।
बाबा– फिर? हमें अंदर से पता चल रहा है कि हम नहीं कंट्रोल कर पायेंगे। और हमें मुरली ऊपर से बता रही है कि पहले ही दिन ढ़ेर हो जावेंगे शादी करने के बाद। तो जानबूझकरके 'आ बैल तु मुझे मार' ये करने की क्या जरूरत है?
Baba: Then? What is the need for us to get married for this? Without being married, can't we check ourselves while living with our sisters, nieces in our family? Don't we feel from inside? Don't we understand whether we are vicious or viceless?
Student: Everyone realizes that indeed.
Baba: Then? If we are realizing from inside that we will not be able to control; in addition the *Murli* is telling us that we will experience downfall on the very first day of the marriage. So, what is the need to invite trouble *(Aa bail tu mujhe maar)* deliberately?

समय– 20.40–21.24
जिज्ञासु– और एक और प्रश्न ये आया है कि क्या बी.के., पी.बी.केज़ को अपने शरीर को स्वस्थ रखने के लिये क्या वो योगासन या किसी तरह की कसरत या किसी तरह के खेल कूद में हिस्सा ले सकते हैं?
बाबा– ज्यादा टाइम वेस्ट करने की क्या जरूरत है? जितना जरूरत हो उतना, जैसे दवाई लेते हैं वैसे ये भी कर सकते हैं। बी.के., पी.बी.के. दवाई लेते हैं कि नहीं लेते हैं?
जिज्ञासु– लेते हैं।
बाबा– तो जैसे दवाई लेते हैं और अगर आसन प्रणायाम से कुछ फायदा हो सकता है तो वो करना कोई मना थोड़े ही है। कोई खराब काम तो है नहीं।
जिज्ञासु– हां, जी।
Time: 20.40-21.24
Student: And another question has been asked: can the BKs or PBKs do *yogasanas* or any kind of exercise or participate in any kind of sports to keep their body fit?
Baba: What is the need to waste more time? You can do this only to the extent it is necessary, just as we take medicines. Do the BKs, PBKs take medicine or not?
Student: They do.
Baba: So, just as they take medicines, if there can be any benefit from *asanas* or *pranayam (*breathing execises*)*, then there is no restriction on doing it. Anyway, it is not a bad thing.
Student: Yes.

Email id: a1spiritual1@gmail.com
Website: www.pbks.info

समय– 21.30–23.22
जिज्ञासु– और एक प्रश्न आपसे पूछा था कि निश्चयपत्र में जो है मम्मा बाबा का लौकिक नाम क्यों लिखा जाता है?
बाबा– वो लिखने वालों से पूछो। हमसे क्यों पूछते हो? निश्चय पत्र हमने लिखके दिया है या उन्होंने लिख के दिया है? हैं? हमने लिखके दिया है?
जिज्ञासु– ना लिखने वालों ने लिख....
बाबा– लिखने वाले लिख रहे हैं। अभी मम्मा का नाम भी लिख रहे हैं। मम्मा तो त्यागपत्र भी दे करके अलग हो गई। लिखने वाले लिख रहे हैं। उनकी श्रद्धा विश्वास। आप उन्हें कन्विन्स करो जाके। निश्चयपत्र कैंसिल करवाओ जाके।
Time: 21.30-23.22
Student: And I had asked you a question regarding why are the *lokik* names of Mamma and Baba written on the letters of faith?
Baba: About that, ask those who are writing it. Why do you ask me? Have I written the letter of faith or have they given in writing? Hum? Have I written it?
Student: No, those who wanted to write have written…
Baba: Those who want to write are writing it. Now they are also writing the name of Mamma. Mamma has even given resignation *(tyaag-patra)* and separated. Those who wish are writing ti; it is their faith and belief. Go and convince them. Go and make them cancel their letters of faith.

जिज्ञासु– उसी संबंध में जो है एक और प्रश्न ये उस साईट पर आया था कि मम्मा बाबा दोनों के नाम के साथ दीक्षित सरनेम जुड़ा होता है।
बाबा– हां।
जिज्ञासु– तो क्या दोनों की दुनियावी दृष्टि से कोई कोर्ट मैरेज वगैरह हुई थी?
बाबा– ऐसा तो कुछ नहीं हुआ। कोई अपने नाम के आगे कोई टाइटिल जोड़ना चाहे तो क्या कोई बंदिश है क्या? बंदिश है?
जिज्ञासु– नहीं है।
बाबा– फिर? जोड़ने वाला जोड़ना चाहता है तो उनको क्या दर्द हो रहा है?
Student: In relation to the same question another question had emerged on the site, the surname *'Dixit'* is suffixed with the names of Mamma as well as Baba.
Baba: Yes.
Student: So, have they undergone Court marriage, or something like that from worldly point of view?
Baba: No such thing has happened. Is there any restriction if someone wants to add some title to his/her name? Is there any restriction?
Student: No.
Baba: Then? If the person wishes to add (the surname), why are they feeling pain in it?

जिज्ञासु– लौकिक दुनिया में भी ऐसा ही हुआ था–फिरोज गांधी ने जो है गांधी का दत्तक पुत्र होने के नाते गांधी अपने साथ जोड़ लिया।
बाबा– गांधी टाइटिल ले लिया।
जिज्ञासु– और वो फिर.....
बाबा– दूसरों को दर्द क्यों हो रहा है? ये तो अपने–अपने मन का मेल है। जब तक जिसका जिसके मन से मेल होता है वैसा टाइटिल ले सकता है। देनेवाला टाइटिल न भी दे तो भी लेने वाला लेना चाहे तो कोई जबरदस्ती है क्या? नहीं ले सकता?
जिज्ञासु– ले सकता है।
बाबा– फिर?

Email id: a1spiritual1@gmail.com
Website: www.pbks.info

Student: It had happened like this in the *lokik* world too. Being the adopted son of Gandhi, *Feroze Gandhi* had suffixed 'Gandhi' to his name.
Baba: He adopted the title 'Gandhi'.
Student: And then…
Baba: Why are the others feeling the pain? It depends on the choice of every person's mind. As long as someone's heart is attached to another one, he/she can adopt his title. Even if the giver does not give, someone wants to take it, is there any compulsion? Can't he adopt it?
Student: He can adopt.
Baba: Then?

समय– 23.23–26.15
जिज्ञासु– और कुछ लोग जो पी.बी.के. छोड़के जाते हैं या दूसरी पार्टियां जो निकल रही हैं उनका जो ज्ञान सुनते हैं तो उनकी ये शिकायत है कि उन्हें पी.बी.के. मिनिमधुबनों में क्लास करने नहीं दिया जाता है। तो ऐसा क्यों किया जाता है?
बाबा– ऐसा इसलिये किया जाता है कि पहले वो अपने बाप का नाम बतायें। जिस बाप से वो पढ़ाई पढ़ते हैं जिस बाप से उन्होंने जन्म लिया है उसका परिचय दें। यहां तो एक परिवार है, बाप का परिवार। एक परिवार के बच्चे एक परिवार में बैठेंगे या भंगियों और चमारों के परिवार के लोगों को हम अपने परिवार में घुसेड़ लेंगे? संग का रंग नहीं लगेगा? लगेगा या नहीं लगेगा?
जिज्ञासु– लगेगा जरूर।
Time: 23.23-26.15
Student: And some people who go away leaving the (path of) PBKs or those who listen to the knowledge of the other 'parties' which are emerging, have a complaint that they are not allowed to attend the classes at the PBK *Minimadhubans*. So, why is it done so?
Baba: It is done so because they should first tell the name of their father. They should give the introduction of the father from whom they learn, the father through whom they have taken birth. Here it is only one family, the Father's family. Will the children of one family sit in one family or will we allow the people of the families of *bhangis*(scavengers) and *chamars* (cobblers) (in literal sense they refer to the lowermost castes among Hindus) to enter our family? Will we not be coloured in their company? Will we be coloured or not?
Student: We will certainly be coloured.

बाबा– उनके तो बाप का ही पता नहीं। विष्णु–विष्णु विष्णु–विष्णु चिल्लाते फिर रहे है। बाप का परिचय तो दें पहले। तुम्हारा बाप कौन है? तुम किसकी मत पर चलते हो? तुम्हारा टीचर कौन है? सुप्रीम टीचर का तो नाम बताओ। मुरली में तो बोला है बाप टीचर सद्गुरू एक ही है। हैं? जो पूछने वाले हैं उनके परिवार में दूसरे चोर डकैतों के लोगों को जाकर बैठा दें तो स्वीकार कर लेंगे?
जिज्ञासु– नहीं करेंगे।
बाबा– फिर? ये तो चोर हैं जो भगवान का टाइटिल ले करके बैठे हुये हैं, देवताओं का टाइटिल ले करके बैठे हैं।
Baba: They don't know the father at all. They are just roaming around shouting Vishnu-Vishnu, Vishnu-Vishnu. First of all let them give the introduction of the Father. Who is your Father? Whose opinion do you follow? Who is your teacher? At least, tell the name of the Supreme Teacher. It has been said in the *Murli* in fact, that the Father, Teacher, *Sadguru* is one. Hum? If we make thieves and dacoits to sit with the family members of those who are asking this question, will they accept them?
Student: They will not.

Email id: a1spiritual1@gmail.com
Website: www.pbks.info

Baba: Then? Those who have taken the title of God are indeed thieves; they have taken the title of the deities.

जिज्ञासु– अब वो ये दलील देते हैं कि जब पी.बी.केज़ को बी.के. के यहां आने नहीं दिया जाता है तब तो आप उनको कहते हैं कि ये गलत है।
बाबा– कारण है ना। कारण है ना। बी.के. वाले जिन्होने बी.के कोर्स लिया है, जिन्होने बी.के. की भट्ठी की हैं उन्हीं को आने देते हैं या जो ब्रह्मा को नहीं मानते उनको आने देते है?
जिज्ञासु– जो बी.के. को मानते हैं उनको तो आने देते है।
Student: Well they give a plea that when PBKs are not allowed to come to the BKs, then you tell them, this is wrong.
Baba: There is a reason, isn't it? There is a reason, isn't it? Do the BKs allow only those who have taken BK course, those who have done BK *bhatti* to come or do they allow those who do not accept Brahma?
Student: They allow those who accept the BKs, to come.

बाबा– यहां तो ब्रह्मा, विष्णु तीनों को मानने की बात है। तीनों का परिचय दो त्रिमूर्ति बाप का परिचय दो और आ करके बैठो। अरे एक परिवार में एक ही परिवार के सदस्य बैठेंगे या के सभी को मिक्स करके बैठाया जायेगा?
जिज्ञासु– एक ही परिवार के।
बाबा– हां जब तक एक बाप की पहचान नहीं होती है तब तक अलग बैठ करके सुनो, समझो। जब तुम्हें निश्चय हो जाये तब निश्चयपत्र लिखना, माफीनामा लिखना कि हम दो–दो बाप, तीन–तीन बाप बनाये बैठे हैं। जो किया है वो लिखना तो पड़ेगा ना। तो लिखो। हम झूठी बात तो नहीं लिखवा रहे।
Baba: Here, it is certainly about accepting Brahma, Vishnu (and Shankar), all the three. Give the introduction of all the three, give the introduction of the *Trimurty* Father and come and sit (in the class). Arey, will members of the same family sit together in a family or will everyone be mixed and made to sit?
Student: Members belonging to the same family.
Baba: Yes. Until they recognize the one Father, sit separately, listen and understand. When you develop faith, write the letter of faith; write the letter seeking pardon (saying): we have adopted two, three fathers. You will certainly have to write whatever you have done, won't you? So, write it. After all, we are not making you write lies.

समय–26.18–27.38
जिज्ञासु– और कुछ लोग जो पी.बी.के. छोड़ के गये हैं उनका ये भी कहना है कि यहां एड़वांस पार्टी में पी.बी.के. बहनों को भाइयों से मिलने नहीं दिया जाता है। उनको बिल्कुल सुरक्षित रखा जाता है।
बाबा– हां।
जिज्ञासु– तो वो कहते हैं कि ये जो है इस्लाम धरम की शूटिंग कर रहे हैं। उनको अंदर छुपा के रखा जाता है।
Time: 26.18-27.38
Student: And some people, who have left the PBK (family) and gone away, also say that here, in the advance party, PBK sisters are not allowed to meet the brothers. They are kept under absolutely safe custody.
Baba: Yes.
Student: So, they say, this is like performing the shooting of Islam. They are kept hidden inside.

Email id: a1spiritual1@gmail.com
Website: www.pbks.info

समय–26.47
बाबा– कोई गलती ऐसी पकड़ते हैं, ऐसा कोई हमारे पास पोतामेल आता है तब ऐसा किया जाता है। तुम्हारे पास तो पोतामेल नहीं आता है। आता है?
जिज्ञासु– नहीं।
बाबा– फिर? बाप को जब पता चलेगा कि बच्चा ऐसा शैतान है, ऐसा निकम्मा है, बाप की डोर पात गंवाने वाला है तो उस बच्चे को बच्चियों से बचायेगा नहीं?
जिज्ञासु– बचायेगा।
बाबा– बच्चियों को ऐसे दुष्कर्म करनवाले बच्चों से नहीं बचायेगा?
जिज्ञासु– हां।
बाबा– फिर? ये सब विदेशियों के प्रश्न है। जिन्होंने विदेशियता फैलाई है और व्यभिचार बढ़ाया है दुनिया में। बाप तो अभी निर्विकारी दुनिया बनाने आया है। अव्यभिचारी दुनिया बनाने आया है।
Time: 26.47
Baba: When any such mistake is caught, when any such *potamail* comes to us, such a step is taken. It is not you (those who are asking the question) who receive the *potamail*. Do you receive it?
Student: No.
Baba: Then? When the father comes to know that a son is so wicked, so useless, and is going to cause loss of father's honour, then will he not save the daughters from that son?
Student: He will save.
Baba: Will he not save the daughters from the sons who perform such wicked acts?
Student: Yes.
Baba: Then? All these are the questions of the foreigners, who have spread foreign culture and have increased adultery in the world. The Father has surely come now to create a viceless world. He has come to create a righteous world.

समय– 27.40–31.00
जिज्ञासु– और एक और बात ये जानकारी में आई है कि बाबा जो है आजकल नेचुरोपेथी का पालन कर रहे हैं।
बाबा– तो क्या बड़ी बात हो गई?
जिज्ञासु– और दूध.....
